# OM INFRA LIMITED

(Formerly known as OM METALS INFRAPROJECTS LIMITED)

CIN: L27203RJ1971PLC003414

Regd. Office: 2nd Floor, A-Block, Om Tower, Church Road, M.I. Road, Jaipur-302001

Tel: +91-141-4046666

Website: www.ommetals.com E-Mail Id: info@ommetals.com

**Date : 01/05/2023**

To,

| | |
|---|---|
| Corporate Service Department,<br>BSE Limited,<br>Phiroze Jeejeeebhoy Tower,<br>Dalal Street, Mumbai-400001<br>Fax No. 022-<br>22723121/3027/2039/2061/2041<br>Stock Code: 531092 | Listing Department,<br>National Stock Exchange Of India Limited<br>Exchange Plaza, C-1 Block G,<br>Bandra Kurla Complex, Bandra (E),<br>Mumbai-400051<br>Fax No. 022-<br>26598237/38 : 66418126<br>Stock Code: OMINFRAL |

Dear Sir/Madam,

**Sub.: Newspaper publication of Audited Financial Results for the Quarter and year Ended on 31st March, 2023**

**Ref.: Reg. 47 of SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

We would like to inform you that, the Company has published on Saturday 29th April, 2023, the Audited Financial Results for the Quarter and year ended on 31st March, 2023 in Nafa Nuksaan (Hindi Newspaper), Business Remedy (Hindi Newspaper ) and Economic Times (English Newspaper).

The said Audited Financial Results are also available on the website of the Company at www.ommetals.com

We submit herewith copies of said publication in the above newspapers, pursuant to the Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

Thanking you

**For Om Infra Limited**

VIKAS KOTHARI Digitally signed by VIKAS KOTHARI Date: 2023.05.01 16:46:54 +05'30'

Vikas Kothari

Managing Director & CEO

DIN : 00223868

## For Your Information...

**Top 5 sources of pharmaceuticals import in India, 2020-21 (In US$ Million)**




1. China: 2903.4
2. U.S: 564.4
3. Switzerland : 394.0
4. Belgium: 380.4
5. South Korea: 339.0

Source: Dept. of Commerce

Compiled by Nafanuksan Research

**यहां करें भ्रष्टाचार की शिकायत**

एसीबी टोल फ्री नंबर : 1064
वाट्सऐप हेल्पलाइन नं. : 9413502834



## विचार सागर

*''शब्द को बोलने से पहले चख लेना ठीक है क्योंकि जो वक्ता को अच्छा नहीं लगे वह श्रोता को अच्छा कैसे लगेगा?''*

- पी.सी. वर्मा

*''जो अच्छा श्रोता नहीं बन सकता वो अच्छा वक्ता भी नहीं बन सकता।''*

- के.आर. कमलेश

## Thoughts of the time

The backslider in heart shall be filled with his own ways; and a good man shall be satisfied from himself.

- Proverbs 14:14

If your Plan "A" doesn't work, the Alphabet has 25 more letters. Stay Cool!

- Suresh Rathi

## राजस्थानी कहावत

**गांव वाळा कूटै तो माईतां कनै जावै पण माईत कूटै तो कठै जावै?**

**गांव वाले पीटे तो मां-बाप के पास जाये पर मां-बाप पीटे तो कहां जाएं?**

- जब डाकू लूटे तो राज्य के पास फरियाद की जा सकती है पर जब राज्य लूटे तो बचाव का उपाय नहीं।

*-स्व. विजय दान देथा*
*साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा*

# उत्तर-पश्चिम रेलवे जोन में अगले साल तक सभी गाड़ियां होंगी विद्युतीकृत

**बीकानेर/नि.सं.।** उत्तर-पश्चिम रेलवे शत-प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन (विद्युतीकरण) के मामले में वर्ष 2023-24 में अपने लक्ष्य को हासिल कर लेगा और संपूर्ण जोन में गाड़ियां विद्युत से संचालित होगी। यह जानकारी बीकानेर आए रेलवे के महाप्रबंधक विजय शर्मा ने विशेष बातचीत में दी। इस अवसर पर बीकानेर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) राजीव श्रीवास्तव व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनिल कुमार रैना भी मौजूद थे। जीएम शर्मा ने बताया कि वर्तमान में 4000 से अधिक रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण हो चुका है और शेष इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्य 2023-24 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। वर्तमान में कुछ गाड़ियों का संचालन भी विद्युत से हो रहा है और अगले साल तक उत्तर-पश्चिम रेलवे पर संचालित होने वाली लगभग सारी गाड़ियां विद्युतीकरण सेक्शन से ही चलेंगी। बीकानेर में चल रहे रेलवे के विकास कार्यों का जायजा करने आए जीएम ने कहा कि पुष्कर-मेड़ता रेलवे लाइन का सर्वे चल रहा है, जिसका डेढ़-दो महीने में पता चल जाएगा। इस मौके पर उन्होंने मंडल प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया और नवनियुक्त रेलकर्मियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और अपना अनुभव भी साझा किया। जीएम ने बीकानेर मंडल में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में एक समीक्षा बैठक भी ली।

**बीकानेर दौरे पर आए जीएम से यात्री ट्रेनें चलाने की मांग**



**कारोबारियों ने की रेल सेवा में विस्तार की मांग :** जेडआरयूसीसी सदस्य नरेश मित्तल एवं बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने जीएम को रेलयात्रियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि उद्योग, व्यापार जगत तथा पर्यटन के विकास के लिए बीकानेर से दिल्ली एवं मुंबई वंदे भारत ट्रेन चलाई जाए। इसके लिए बीकानेर में वंदे भारत ट्रेन के रखरखाव के लिए भी टर्मिनल बनाया जाए । वर्तमान में बीकानेर से कोई भी जन शताब्दी ट्रेन नहीं चल रही है। मित्तल और पचीसिया ने बीकानेर से वाया रतनगढ़, चूरू, सीकर जयपुर, कोरबा के लिए नई गाड़ी चलाने, बीकानेर से हरिद्वार त्रै-साप्ताहिक गाड़ी को प्रतिदिन शाम 6 बजे चलाने की मांग की। इसके साथ ही बीकानेर से कालका, चंडीगढ़ के लिए नई ट्रेन चलाने, गाड़ी संख्या 19225/19226 जोधपुर-जम्मूतवी एवं गाड़ी संख्या 16311/16312 श्रीगंगानगर-कोच्चिवली का ठहराव लूणकरणसर में करने की भी मांग उठाई।

**दूरंतो-हरिद्वार ट्रेन को रोजाना चलाने की मांग :** इसके अलावा रेलयात्री सेवा सुविधा समिति के अध्यक्ष वेदप्रकाश अग्रवाल ने रेलवे महाप्रबंधक शर्मा से बीकानेर से सियालदह तक चलने वाली दुरंतो एक्सप्रेस और सप्ताह में तीन दिन चलने वाली बीकानेर-हरिद्वार वाया हिसार ट्रेन को प्रतिदिन चलाने की मांग की। साथ ही साथ बीकानेर-अमृतसर गरीब रथ ट्रेन और बीकानेर से दिल्ली के मध्य इंटरसिटी ट्रेन चलाने की मांग रखी। अग्रवाल ने बीकानेर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-6 पर लिफ्ट लगाने व एस्केलेटर मशीन लगाने की मांग भी की है।

## ठगी करने में लिप्त फर्जी व्यापारिक गैंग के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

**राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ ने सौंपा डीजीपी को ज्ञापन**

**जयपुर/का.सं.।** राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) उमेश मिश्रा से संघ के चेयरमैन बाबूलाल गुप्ता की अध्यक्षता में मिला। गुप्ता ने पुलिस प्रमुख को बताया कि राज्य में गत कुछ वर्षों से ठगी करने वाली व्यापारिक गैंग सक्रिय हो गई है, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर उद्योग तथा व्यापारिक संस्थान बंद हो रहे हैं। राज्य को बड़े पैमाने पर राजस्व एवं रोजगार का नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह माफिया ठगी करने के लिए सरकारी संपत्तियों का भी उपयोग कर रहे हैं। इस ठगी के कारण कई व्यापारी अपने बैंक का कर्जा चुकाने में भी असमर्थ हैं।

गुप्ता ने बताया कि इन धोखाधड़ी के मामलों को 21 जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कर परामर्शदात्री समिति की बैठक में भी उठाया गया था। मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए मामला डीजीपी को हमारे द्वारा प्रस्तुत पत्रों के साथ धोखाधड़ी करने वाले फर्जी व्यापारियों की लिस्ट भी भेजी।

खाद्य पदार्थ व्यापार संघ ने एक बार फिर यह पत्र और फर्जी व्यापारियों की गैंग द्वारा की गई ठगी की लिस्ट डीजीपी को सौंपी तथा कार्रवाई की मांग की। डीजीपी ने एडीजीपी क्राइम को तत्काल मामलों की जांच करने के निर्देश दिए और प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि शीघ्र इन फर्जी व्यापारी गैंग एवं व्यापारियों को ठगने वाले माफिया को लोकेट कर लिया जाएगा।

## उदयपुर में उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की शाखा शुरू

**उदयपुर/निजी संवाददाता**

उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की उदयपुर में पहली शाखा शुरू हुई। बैंक की वर्तमान में जयपुर, जोधपुर, कोटा आदि शहरों में 30 ब्रांच है। इस मौके पर बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर इत्तिरा डेविस ने कहा, हम उदयपुर में अपनी पहली शाखा और राजस्थान में 30वीं शाखा शुरू करते हुए बेहद गर्वित महसूस कर रहे हैं। बचत और जमा पर प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों के साथ ही हमारे अनुकूलित बैंकिंग उत्पाद और सेवाएं उदयपुर के लोगों के जीवन को कुशल बनाने में योगदान देंगे।

## आवासीय प्लॉटों की रेट में 35 पर्सेंट की तेजी, इंडस्ट्री के लिए भूमि की कमी

**भीलवाड़ा/नि.सं.।** वस्त्रनगरी के आसपास औद्योगिक भूमि उपलब्ध नहीं होने से नए उद्योग लगाने के इच्छुक उद्यमी काफी परेशान हैं। वही वर्ष 2023 में रियल एस्टेट में करीब 35 पर्सेंट से अधिक की तेजी आने से पुराने शहर की बाहरी कॉलोनियों में 60 से 100 फीट की रोड पर स्थित आवासीय प्लॉटों में सबसे अधिक उछाल देखने में आया है। शहर के मध्य मुख्य मार्ग पर इन दिनों व्यावसायिक प्लॉट की रेट 80 हजार से एक लाख रुपए स्क्वायर फीट के सौदे हुए हैं। यह रेट कभी आजाद चौक में दुकानों की हुआ करती थी।

भीलवाड़ा में औद्योगिक विस्तार के साथ कई प्रकार के व्यावसायिक ट्रेड में भी व्यापक सुधार हुआ है, वही शहर में बाहरी लोगों की आवक बढ़ने से कामकाज में वृद्धि देखने को मिल रही है। आवासीय मकानों की जरूरत बढ़ने से देखते ही देखते करीब 60 से 70 छोटे-बड़े बिल्डरों ने नई कॉलोनियों में काम शुरू कर दिया है। शहर में तीस से पचास लाख रुपए की लागत वाले मकानों की सबसे अधिक मांग बनी हुई है। गत दिनों राजस्थान आवासन मंडल के 45 मकानों के लिए चार सौ से अधिक आवेदन मिले थे। औद्योगिक नगर होने के कारण एक करोड़ रुपए से लेकर से पांच करोड़ तथा उससे भी अधिक कीमत की विला बना रहे हैं।



इसका असर यहां आटूड़ रोड स्थित जमीनों की कीमतों पर पड़ा है और लोग प्रति बीघा चार करोड़ रुपए मांगने लगे हैं। भीलवाड़ा की पैमाइश में जरीब बड़ी होने से एक बीघा में 27 हजार 225 स्क्वायर फीट भूमि आती है। इस तरह मांड़लगढ़ रोड पर करीब 20 किलोमीटर की दूरी तक 70 से 80 लाख रुपए बीघा की रेट चल रही है। हलेड़ क्षेत्र में भी शहर का विस्तार तेजी से हो रहा है। यहां कॉलोनी में भूखंड की रेट 1200 से 1500 रुपए प्रति वर्ग फीट तक पहुंच गई है।

रेलवे पटरी के पार पश्चिम क्षेत्र में लगातार बड़ी संख्या में नई कॉलोनियों का निमार्ण हो रहा है। इसका मुख्य कारण सड़कों का चौड़ा होना माना जा रहा है। इस क्षेत्र में कई सड़कों की चौड़ाई 60 फीट से 100 फीट तक है। कुछ क्षेत्रों में 200 फीट चौड़ी सड़कें होने से वहां की भूमि की कीमतें सबसे अधिक है और उसमें तेजी से इजाफा हो रहा है। सड़कें चौड़ी होने से कारोबार चलाना आसान होता है। यही कारण है कि पुराने भीलवाड़ा तथा भोपाल गंज में रहने वाले लोग अब कॉलोनी में बसना चाहते हैं। ऐसे में आजाद नगर तथा आटुण के आसपास में अनेक नई कॉलोनियों बन गई है तथा कई कॉलोनियां का निमार्ण चल रहा है। इस क्षेत्र में रामधाम रोड पर 8 हजार रुपए प्रति वर्ग फीट की रेट हो गई है, वहीं पुराने बस स्टैंड से बीजी गोस्वामी सर्किल के मुख्य रोड पर 12 से 15 हजार रुपए वर्ग फीट के भाव बोले जा रहे हैं। रेलवे पटरी के उस पार पुर रोड एवं बापूनगर में भूमि की कीमतें अन्य क्षेत्रों की तुलना में नहीं बढ़ी है।

रियल एस्टेट के क्षेत्र में काम करने वाले कारोबारियों का मानना है कि भीलवाड़ा का बड़ा विस्तार केसर पार्क, कमला एनक्लेव, कमला पाम ग्रीन पार्क, राधे नगर, रामप्रसाद लढ़ा नगर से लेकर उपनगर पुर तक तेजी से हो रहा है। इस क्षेत्र में बन रही कॉलोनियों में आने वाले समय में मांग बनी रहेगी। इसके अतिरिक्त मेवाड़ टेक्सटॉइल और डालडा मिल की भूमि पर बन रही दोनों कॉलोनियों में देखते ही देखते तीन साल में रेट पांच हजार से बढ़कर आठ हजार रुपए प्रति वर्ग फीट हो गई है।

# नेशनल • इंटरनेशनल

## 'एयरोसोल प्रदूषण भारत में ग्रीष्मकालीन मानसून से होने वाली बारिश में कमी ला रहा'

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** एक नए अनुसंधान से पता चला है कि वातावरण में ग्रीनहाउन गैसों के बढ़ते उत्सर्जन से उपजे ताप प्रभाव के कारण भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून (आईएसएम) से होने वाली बारिश में आपेक्षिक वृद्धि मानवजनित एयरोसोल प्रदूषण की वजह से उलट गई है, जिससे 1950 के बाद से वर्षा के स्तर में कमी दर्ज की गई है। पुणे स्थित भारतीय ऊष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के अनुसंधान से यह भी सामने आया है कि आईएसएम के कमजोर होने के कारण पश्चिमी उत्तर प्रशांत (डब्ल्यूएनपी) क्षेत्र में समुद्र में उष्णकटीबंधीय चक्रवात के मामलों में 13.5 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि ऊष्णकटिबंधीय चक्रवात के मामलों में यह वृद्धि इसलिए होती है, क्योंकि एयरोसोल प्रदूषण सहित अन्य मानवजनित कारणों से आईएसएम से होने वाली बारिश में कमी और गर्म हवाओं के प्रवाह के पैटर्न में आने वाला बदलाव निकट-भूमध्यरेखीय कक्षा और ऊष्णकटिबंधीय हिंद-प्रशांत महासागर के ऊपर मानसून की चाल को इस तरह से प्रभावित करता है कि डब्ल्यूएनपी क्षेत्र में 'ट्रॉपिकल साइक्लोजेनेसिस' (वातावरण में ऊष्णकटिबंधीय चक्रवात का विकास और उसका मजबूत होना) की प्रक्रिया को रफ्तार मिलती है।

## पंजाब की मंडियों में गेहूं की आवक एक करोड़ टन के पार

**चंडीगढ़/एजेंसी।** पंजाब में मंडियों में गेहूं की आवक एक करोड़ टन के पार हो गई। राज्य सरकार ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। कुल आवक में से लगभग 3.5 लाख टन व्यापारियों ने जबकि शेष गेहूं सरकारी एजेंसियों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा। बयान के अनुसार राज्य में गेहूं खरीद एक अप्रैल को शुरू हो गई थी लेकिन बेमौसम बरसात के कारण राज्य में कई स्थानों पर इसमें कुछ दिन पहले ही तेजी आई है। पंजाब के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री लाल चंद कटारुचक ने कहा कि गेहूं खरीद अंतिम चरण में पहुंच गई है। गेहूं की कुल आवक पहले से ही एक करोड़ टन के पार हो गई है और इसमें पिछले वर्ष की कुल खरीद- 96 लाख टन को पीछे छोड़ दिया है। पिछले वर्ष की आवक से तुलना करते हुए मंत्री ने कहा कि 'पंजाब के लिए यह गर्व का विषय है कि पूरे देश में आपूर्ति के मामले में पंजाब एक बार फिर सबसे आगे हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर कुल खरीद के लगभग 50 प्रतिशत गेहूं की उपज पंजाब में हुई है।'

## अटल पेंशन योजना से 2022-23 में जुड़े 1.19 करोड़ नए अंशधारक

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** सामाजिक क्षेत्र की 'अटल पेंशन योजना (एपीवाई)' से 2022-23 में 1.19 करोड़ से अधिक नए अंशधारक जुड़े हैं जो सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि 2021-22 में इस योजना से जुड़े वाले नए अंशधारकों की संख्या 99 लाख थी।

मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि 31 मार्च, 2023 तक इस योजना से जुड़े अंशधारकों की कुल संख्या 5.20 करोड़ हो गई। अटल पेंशन योजना के तहत अंशधारक को 60 वर्ष की आयु से जीवनपर्यंत 1,000 से 5,000 रुपये की न्यूनतम गारंटी वाली पेंशन मिलती है और यह उनके द्वारा किए जाने वाले योगदान पर निर्भर करता है।

## 'देश के विमानन क्षेत्र में नौ वर्ष में व्यापक बदलाव'

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के विमानन क्षेत्र में 9 साल में व्यापक स्तर पर बदलाव हुए हैं। इस दौरान मौजूदा हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण किया, नए हवाई अड्डों का निर्माण तेज गति से हुआ और रिकॉर्ड संख्या में लोगों ने विमानन सेवाओं का लाभ उठाया। क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान' के 6 वर्ष पूरे होने पर नागर विमानन मंत्रालय के ट्वीट के जवाब में पीएम ने यह कहा। योजना के तहत अब 473 मार्ग और 74 हवाई अड्डे, हेलिपोर्ट तथा वॉटर एयरोड्रम आते हैं।

**अधिशाषी अभियन्ता,**
**जन स्वा. अभि. विभाग, जिला ग्रामीण-II जयपुर**

क्रमांक/अ.अ./जिला खण्ड-II/2023-24/594-613 दिनांक :- 21.4.2023
Phone : 0141-2943090 Email : ee2.jai.phed@rajasthan.gov.in

**निविदा सूचना संख्या 27/23-24 से 31/23-24**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला ग्रामीण खंड II, जयपुर के अधीन विभिन्न जल योजनाओं पर स्वीकृत निर्माण कार्य मय मेटेरियल के निविदा सूचना संख्या 27/23-24 से 31/23-24 का राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को ई-प्रोक्यूमेन्ट के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है।

उक्त सभी निविदाओं से संबंधित विस्तृत विवरण वैबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.dipr.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। उपरोक्त निविदाओं का प्रकाशन sppp.rajasthan.gov.in निम्नानुसार कर दिया गया है:-

| क्र.सं. | निविदा संख्या | आई.डी. नम्बर | अपलोड की दिनांक |
|---|---|---|---|
| 01 | 27/23-24 | UBNPHE2324WSOB01005 | 24.04.2023 |
| 02 | 28/23-24 | UBNPHE2324WSOB01006 | 24.04.2023 |
| 03 | 29/23-24 | UBNPHE2324WSOB01007 | 24.04.2023 |
| 04 | 30/23-24 | UBNPHE2324WSOB01008 | 24.04.2023 |
| 05 | 31/23-24 | UBNPHE2324WSOB01009 | 24.04.2023 |

(छुट्टन लाल मीना)
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, जिला ग्रामीण खंड-II जयपुर

DIPR/C/5962/23

**OM INFRA LIMITED**
(Formerly known as OM METALS INFRAPROJECTS (LIMITED)

**Regd. Office :** 2nd floor, A-Block, Om Tower, Church Road, M.I. Road, Jaipur - 302001 Tel.: +91-141-5160000
Website : www.ommetals.com E-Mail Id : info@ommetals.com

TURN OVER UP 250%

ACCELERATING GROWTH. POWERING LIVES.



''राष्ट्र की जलधाराओं को नियंत्रित करके देश की समृद्धि में निरंतर कार्यरत''

**CIN NO : L27203RJ1971PLC003414**

▪ ISIN - INE239D01028 ▪ Stock Code - BSE-531092 ▪ SYMBOL - NSE - OMINFRAL

**Extract of Audited Standalone and Consolidated Financial Results for Quarter and Year ended on 31stMarch,2023**

(Rs. In Lacs)

| Sr. No. | Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | | Quarter Ended | | | Year Ended | |
| | | 31.3.2023 | 31.12.2022 | 31.3.2022 | 31.3.2023 | 31.3.2022 | 31.3.203 | 31.12.2022 | 31.3.2022 | 31.3.2023 | 31.3.2022 |
| | | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 32831.61 | 20129.29 | 11223.77 | 71976.40 | 28921.58 | 34666.35 | 20923.12 | 12159.55 | 79920.79 | 31303.02 |
| 2 | Other Income | 1903.26 | 243.00 | 670.33 | 2899.65 | 1000.59 | 1933.73 | 283.48 | 704.17 | 2979.63 | 1034.99 |
| 3 | Total Income | 34734.87 | 20372.29 | 11894.10 | 74876.05 | 29922.17 | 36600.08 | 21206.60 | 12863.72 | 82900.42 | 32338.01 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period(before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | 3972.13 | 982.44 | -1098.86 | 5230.57 | 364.25 | 2902.24 | 458.88 | -553.50 | 3229.90 | 1085.94 |
| 5 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 3972.13 | 982.44 | -1098.86 | 5230.57 | 364.25 | 2902.24 | 458.88 | -553.50 | 3229.90 | 1085.94 |
| 6 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 1833.64 | 1412.58 | -1314.32 | 3354.25 | 1107.27 | 764.45 | 872.53 | -145.96 | 1287.30 | 2646.67 |
| 7 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 1598.22 | 1565.65 | -1568.90 | 3128.70 | 1054.16 | 529.04 | 1025.60 | -400.54 | 1061.75 | 2593.56 |
| 8 | Equity Share Capital | 963.04 | 963.04 | 963.04 | 963.04 | 963.04 | 963.04 | 963.04 | 963.04 | 963.04 | 963.04 |
| 9 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 68519.52 | 67121.70 | 65831.97 | 68519.52 | 65831.97 | 67297.55 | 66190.71 | 65151.38 | 67297.55 | 65151.38 |
| 10 | Earnings Per Share(ofRs.1/- each) (Basic & Diluted)- | | | | | | | | | | |
| 1. | Continued: | 1.66 | 1.63 | -1.64 | 3.25 | -0.08 | 0.55 | 1.06 | -0.43 | 1.10 | 1.52 |
| 2. | Discontinued: | 0.00 | 0.00 | 0.01 | 0.00 | 1.18 | 0.00 | 0.00 | 0.01 | 0.00 | 1.18 |

Note: a)The above is an extract of the detailed format of Quarterly/ yearlyFinancial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the Quarterly/YearlyFinancial Results are available on the websites of the Stock Exchange(s) (www.bseindia.com and www.nseindia.com ) and the listed entity website (www.ommetals.com).

b) The above Audited financial Results for the three months and Year ended 31stMarch, 2023have been reviewed by audit committee and approved bythe board of Directors at their meeting held on 27.04.2023. The above Results have been subject to limited review by the statutory auditors of the company, as required under Regulation 33 of SEBI (Listing obligations & Disclosure Requirements) Regulations 2015.

c) Figures for the previous periods have been regrouped, wherever necessary, to confirm to the current period classification.

**For and on Behalf of Board of Directors**
**Sd/-**
**Sunil Kothari**
**Vice-Chairman**
**DIN No. 00220940**

**Date- 27.04.2023**
**Place- New Delhi**

प्रगतिशील उद्यमी

# विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के स्मार्ट फोन, एसेसरीज और कंज्यूमर ड्यूरेबल इलेक्ट्रोनिक्स गुड्स की बिक्री करने वाली प्रमुख कंपनी है 'जय जलाराम टेक्नोलॉजिस लि.'

## गुजरात के साथ उत्तरप्रदेश में स्टोर की संख्या बढ़ाकर विस्तार कर रही है कंपनी

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** गुजरात आधारित कंपनी 'जय जलाराम टेक्नोलॉजिस लि.' विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के स्मार्ट फोन, एसेसरीज और कंज्यूमर ड्यूरेबल इलेक्ट्रोनिक्स गुड्स की बिक्री रिटेल शोरूमों के माध्यम से करती है। कंपनी 'KORE' ब्राण्डनेम से ट्रेडिंग करती है। कंपनी की मुख्य रूप से गुजरात में उपस्थिति है। अब कंपनी उत्तरप्रदेश में भी स्टोर खोलकर कारोबारी विस्तार कर रही है। आज के लेख में हम कंपनी की कारोबारी गतिविधियां, प्रवर्तक अनुभव, हालिया कारोबारी विस्तार, शेयर का प्रदर्शन, वित्तीय प्रदर्शन जैसे विषयों को जानने का प्रयास कर रहे हैं।

KORE MOBILE

**कंपनी का कारोबार :** 'जय जलाराम टेक्नोलॉजिस लि.' का इनकॉर्पोरेशन वर्ष 2012 में हुआ था। कंपनी द्वारा ब्राण्डनेम 'KORE MOBILE' के नाम से एप्पल, सेमसंग, ओप्पो, रियलमी, वीवो, जायोमी, नोकिया, रेडमी, टेक्नो, वन प्लस इत्यादि ब्रांड्स की मल्टीब्रांड रिटेल सेलिंग की जा रही है। इसके साथ ही कंपनी अपने शोरूमों पर मल्टीब्राण्ड रिटेल सेलिंग के माध्यम से टीसीएल, हेयर, डाईकिन, वोल्टॉस, एमआई, रियलमी, वनप्लस, जायोमी जैसी प्रमुख ब्रांडेड कंपनियों की कंज्यूमर ड्यूरेबल इलेक्ट्रोनिक्स गुड्स जैसे स्मार्ट टीवी, एयर कंडीश्नर, फ्रीज, कूलर्स इत्यादि की बिक्री कर रही है। 30 अप्रेल, 2022 तक गुजरात में 82 स्टोर्स हैं। इनमें से 10 कंपनी द्वारा संचालित स्टोर्स है और 65 फ्रेंचायजी ऑन्ड एंड फ्रेंचायजी ऑपरेटेड ब्रांच रिटेल स्टोर एवं 7 फ्रेंचायजी ऑन्ड और कंपनी ऑपरेटेड ब्रांच रिटेल स्टोर्स हैं। इसके साथ ही कंपनी ने अहमदाबाद क्षेत्र के लिये 'Revolt' ब्रांडनेम से इलेक्ट्रीक बाईक्स, स्पेयर पार्ट्स और एसेसरीज एक्सक्लूसिव डीलरशिप है। 30 अप्रैल, 2022 तक कंपनी अहमदाबाद स्थित आश्रम रोड क्षेत्र और गांधीनगर स्थित नाना चिलोड़ा में 2 कंपनी के स्वामित्व वाले रिटेल शोरूमों के माध्यम से इलेक्ट्रिक बाइक्स की बिक्री कर रही थी।

**कंपनी का कारोबारी विस्तारः** कंपनी ने 'KORE MOBILE' ब्राण्डनेम से उत्तरप्रदेश और गुजरात में 20 रिटेल स्टोर शुरू किए हैं। इसके द्वारा कंपनी अधिक से अधिक ग्राहकों को मोबाइल एवं एसेसरीज मुहैया कराने में सक्षम होगी। इन रिटेल स्टोर्स के सफलतापूर्वक संचालन से कंपनी प्रबंधन को टर्नओवर बढ़ने की संभावना नजर आ रही है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 'KORE' और 'EROK' ब्रांडनेम के तहत नए खुदरा स्टोर खोलने का प्रस्ताव मान्य किया है। इन स्टोर में मोबाइल फोन, संबंधित एक्सेसरीज, कंज्यूमर ड्यूरेबल का खुदरा कारोबार संचालित किया जाना प्रस्तावित है। कंपनी 'SIMRON' ब्राण्डनेम के तहत खुदरा स्टोर का संचालन कर रही है। यह कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के खुदरा कारोबार को भी संचालित कर रही है और सूचना प्रौद्योगिकी उत्पाद अन्य इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाय 'SIMRON' ब्राण्डनेम से संचालित कर रही है। इसमें साथ ही मोबाइल फोन व संबंधित एसेसरीज की ट्रेडिंग जो कि वर्तमान ब्राण्ड 'KORE' और 'EROK' के अन्तर्गत हो रही है।

**कंपनी का वित्तीय प्रदर्शनः** वित्त वर्ष 2019 में कंपनी ने 95.77 करोड़ रुपये का राजस्व एवं 6.34 लाख रुपये की कर पश्चात शुद्ध हानि, वित्त वर्ष 2020 में 95.23 करोड़ रुपये का राजस्व एवं 2.56 लाख रुपये का कर पश्चात शुद्ध लाभ, वित्त वर्ष 2021 में 122.25 करोड़ रुपये का राजस्व एवं 29.35 कर पश्चात शुद्ध लाभ और वित्त वर्ष 2022 में कंपनी ने 165.55 करोड़ रुपये का राजस्व एवं 87.17 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

**कंपनी के शेयर का प्रदर्शनः** कंपनी का आईपीओ सितम्बर,2022 में आया था तब कंपनी ने 36 रुपए प्रति शेयर के भाव पर 3000000 शेयर जारी कर 10.80 करोड़ रुपए जुटाए थे। कंपनी की शानदार लिस्टिंग हुई और कंपनी के शेयर ने तेजी से बढ़ते हुए 273 रुपए का स्तर छू लिया था।

### कंपनी प्रवर्तकों का अनुभव



कमलेश वरजीवनदास ठक्कर
प्रवर्तक, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

40 वर्षीय कमलेश वरजीवनदास ठक्कर कंपनी के प्रवर्तक, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं। उन्हें मोबाइल एवं इलेक्ट्रोनिक्स गुड्स संबंधित एसेसरीज की ट्रेडिंग करने का 10 वर्षों का अनुभव है। वें कंपनी के प्रमुख निर्णय लेने में अहम भूमिका निभाते हैं और कंपनी का नेतृत्व करते हैं। उन्होंने कंपनी की कारोबारी रणनीति बनाने और उसे क्रियान्वयन करने में प्रमुख योगदान दिया है।



कमलेश हरीराम लालवानी
कार्यकारी निदेशक


कंपनी के अन्य प्रवर्तक 43 वर्षीय कमलेश हरीराम लालवानी कंपनी के कार्यकारी निदेशक हैं। उन्हें भी मोबाइल एवं इलेक्ट्रोनिक्स गुड्स संबंधित एसेसरीज की ट्रेडिंग करने का 10 वर्षों का अनुभव है। कंपनी की बिक्री एवं प्रबंधन संबंधित कार्य का जिम्मा संभालते हैं।



मुकेश कुमार नवनीतराय भट्ट (पिंटू भट्ट)
कार्यकारी निदेशक

कंपनी प्रवर्तक 41 वर्षीय मुकेश कुमार नवनीतराय भट्ट कंपनी के कार्यकारी निदेशक है। उन्हें भी मोबाइल एवं इलेक्ट्रोनिक्स गुड्स संबंधित एसेसरीज की ट्रेडिंग करने का 10 वर्षों का अनुभव है। वें कंपनी का फाईनेंस, सेल्स एवं मार्केटिंग, ब्रांड बिल्डिंग, ह्यूमन रिसोर्स, रिटेल स्टोर्स के सामान्य कार्य एवं कंपनी के कारोबारी विस्तार संबंधित कार्य का जिम्मा संभालते हैं।

283



# बतंगड़

## बाइक बेचकर चुनाव लड़ा

भारतीय राजनीति में चर्चित नाम अशोक गहलोत ने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत संघर्ष और चुनौतियों के साथ किया है। 3 मई 1951 को जोधपुर में जन्मे अशोक गहलोत ने बचपन में अपने पिता लक्ष्मण सिंह के साथ मिलकर जादू के खेल दिखाए। वर्ष 1973 से 1979 तक राजस्थान एनएसयूआई के अध्यक्ष रहे। उन्होंने पहला चुनाव 26 वर्ष की उम्र में सरदारपुरा सीट से कांग्रेस के टिकट पर लड़ा और चुनाव खर्च के लिए अपनी मोटर साइकिल को चार हज़ार रूपए में बेचकर चुनाव में खर्च कर दिए लेकीन इस चुनाव में वे 4329 वोटों से हार गए। संजय गांधी से अच्छी दोस्ती होने के कारण अशोक गहलौत को बाद में वर्ष 1980 में जोधपुर से लोकसभा का चुनाव लड़ाया गया। उन्होंने 52 हजार से ज्यादा वोटों से विजय प्राप्त की। इस चुनाव में उन्होंने अपने एक दोस्त की सेलून की दुकान में कार्यालय खोला और चुनाव प्रचार भी मोटर साइकिल से ही किया।

जोधपुर से पांच बार सांसद रहे अशोक गहलोत ने सत्ता और संगठन दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अशोक गहलोत का व्यवहार पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह की तरह खूब मिलनसार है और उनकी कार्यप्रणाली से मेल खाता है। शेखावात जिस प्रकार से सत्ता और संघठन में पकड़ रखते थे गहलोत भी उसी प्रकार सत्ता और संगठन में लोकप्रिय है। वह अपने विरोधियों को भी साथ में लेकर चलने की कोशिश करते है। बचपन में जादूगर बने अशोक गहलोत अब देश के राजनीतिक मंच पर अपने जादू के करतब दिखा रहे है। उन्हे मारवाड़ के गांधी के नाम से भी जाना जाता है।

✍ उमेन्द्र दाधीच
@ बिज़नेस रेमेडीज


# OM INFRA LIMITED

(Formerly known as OM METALS INFRAPROJECTS (LIMITED)

**Regd. Office :** 2nd floor, A-Block, Om Tower, Church Road, M.I. Road, Jaipur - 302001 Tel.: +91-141-5160000
Website : www.ommetals.com E-Mail Id : info@ommetals.com

TURN OVER UP 250%

ACCELERATING GROWTH, POWERING LIVES.



"राष्ट्र की जलधाराओं को नियंत्रित करके देश की समृद्धि में निरंतर कार्यरत"

**CIN NO : L27203RJ1971PLC003414**

■ ISIN - INE239D01028 ■ Stock Code - BSE-531092 ■ SYMBOL - NSE - OMINFRAL

**Extract of Audited Standalone and Consolidated Financial Results for Quarter and Year ended on 31stMarch,2023**

(Rs. In Lacs)

| Sr. No. | Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | | Quarter Ended | | | Year Ended | |
| | | 31.3.2023 | 31.12.2022 | 31.3.2022 | 31.3.2023 | 31.3.2022 | 31.3.203 | 31.12.2022 | 31.3.2022 | 31.3.2023 | 31.3.2022 |
| | | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 32831.61 | 20129.29 | 11223.77 | 71976.40 | 28921.58 | 34666.35 | 20923.12 | 12159.55 | 79920.79 | 31303.02 |
| 2 | Other Income | 1903.26 | 243.00 | 670.33 | 2899.65 | 1000.59 | 1933.73 | 283.48 | 704.17 | 2979.63 | 1034.99 |
| 3 | Total Income | 34734.87 | 20372.29 | 11894.10 | 74876.05 | 29922.17 | 36600.08 | 21206.60 | 12863.72 | 82900.42 | 32338.01 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period(before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | 3972.13 | 982.44 | -1098.86 | 5230.57 | 364.25 | 2902.24 | 458.88 | -553.50 | 3229.90 | 1085.94 |
| 5 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 3972.13 | 982.44 | -1098.86 | 5230.57 | 364.25 | 2902.24 | 458.88 | -553.50 | 3229.90 | 1085.94 |
| 6 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 1833.64 | 1412.58 | -1314.32 | 3354.25 | 1107.27 | 764.45 | 872.53 | -145.96 | 1287.30 | 2646.67 |
| 7 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 1598.22 | 1565.65 | -1568.90 | 3128.70 | 1054.16 | 529.04 | 1025.60 | -400.54 | 1061.75 | 2593.56 |
| 8 | Equity Share Capital | 963.04 | 963.04 | 963.04 | 963.04 | 963.04 | 963.04 | 963.04 | 963.04 | 963.04 | 963.04 |
| 9 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 68519.52 | 67121.70 | 65831.97 | 68519.52 | 65831.97 | 67297.55 | 66190.71 | 65151.38 | 67297.55 | 65151.38 |
| 10 | Earnings Per Share(ofRs.1/- each) (Basic & Diluted)- | | | | | | | | | | |
| 1. | Continued: | 1.66 | 1.63 | -1.64 | 3.25 | -0.08 | 0.55 | 1.06 | -0.43 | 1.10 | 1.52 |
| 2. | Discontinued: | 0.00 | 0.00 | 0.01 | 0.00 | 1.18 | 0.00 | 0.00 | 0.01 | 0.00 | 1.18 |

Note: a)The above is an extract of the detailed format of Quarterly/ yearlyFinancial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the Quarterly/YearlyFinancial Results are available on the websites of the Stock Exchange(s) (www.bseindia.com and www.nseindia.com ) and the listed entity website (www.ommetals.com).

b) The above Audited financial Results for the three months and Year ended 31stMarch, 2023have been reviewed by audit committee and approved bythe board of Directors at their meeting held on 27.04.2023. The above Results have been subject to limited review by the statutory auditors of the company, as required under Regulation 33 of SEBI (Listing obligations & Disclosure Requirements) Regulations 2015.

c) Figures for the previous periods have been regrouped, wherever necessary, to confirm to the current period classification.

Date- 27.04.2023
Place- New Delhi

For and on Behalf of Board of Directors
Sd/-
Sunil Kothari
Vice-Chairman
DIN No. 00220940

